14.09.2096 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

शाह - हिंदी दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत में कई भाषाओं का होना देश की सबसे बड़ी ताकत है। आज हिंदी दिवस पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा किसी दूसरी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। श्री शाह ने कहा कि ब्रिटिश कानूनों की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लाना सिर्फ़ शब्दों का बदलाव नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान की पुनर्स्थापना है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदी और अन्य सभी भाषाएँ तकनीकी विकास के सुनहरे दौर में हैं। श्री शाह ने कहा कि मौजूदा समय में एआई भारतीय भाषाओं के आसान अनुवाद के अवसर दे रहे हैं।

हिंदी दिवस-प्रदेश

आज देशभर में हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अपनाया था। इस अवसर पर आज भोपाल स्थित भारत भवन में दो दिवसीय 'भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान' का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 4 बजे करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और कवि मातृभाषा, संस्कृति और भारतीय जीवन-मूल्यों पर संवाद करेंगे।

सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश में भी 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान शुरू होगा। इस के तहत उज्जैन में शाम 17 सितंबर को शाम 7 बजे भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों और महाकाल महालोक क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के जरिए सेवा, सुशासन और जनकल्याण का संदेश लोगों तक पहुंचाना है। उधर मैहर में जिला भाजपा कार्यालय में स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने पत्रकार वार्ता के जरिए सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता सहित धार्मिक स्थलों पर दीप प्रज्वलन के व्यापक आयोजन किए जाएंगे

गणेश उत्सव

भगवान श्रीगणेश की आराधना का दस दिवसीय पर्व गणेश चतुर्थी के साथ आज से प्रारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर संस्कृत में सुभाषितम साझा करते हुए उन्होंने कामना की कि यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

इधर, प्रदेश में भी गणेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में आज तड़के भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का गणेश चतुर्थी के अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। आगरमालवा जिले में घरों, दफ्तरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही शुरू हो गया है। जिले में अनेक स्थानों पर पांडाल बनाकर प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। प्रदेश के गुना में 100 से अधिक स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित होंगी। वहीं पन्ना में गणेश चतुर्थी पर विश्व की सबसे उम्रदराज हथिनी वत्सला की प्रतिमा का टाइगर रिजर्व के अकोला गेट पर अनावरण हुआ।

तीज पर्व

आज हरतालिका तीज पर्व है। इस दिन महिलाए अपने परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत करती है। वहीं नव युवतियां भी अच्छे घर और वर की कामना के लिए तीज पर्व मनाती हैं। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में हरतालिका तीज पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। और महिलाएं निराहार उपवास के साथ ही रात भर जागकर बालू रेती से बनाये गये शिवलिंग और पार्वती तथा गणेशजी की पूजा करती हैं।

संक्षिप्त समाचार

1- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से आज वर्चुअली गुना में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

2- विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कल पन्ना में आयोजित एक कार्यक्रम में किलकिला नदी से धरमसागर तालाब तक के पुनर्निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

3- कटनी में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पिछले 10 दिनों में 112 प्रकरणों में ऋण राशि वितरित की जा चुकी है।

4- भोपाल में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने 12 और 13 सितंबर को होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।